आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–20 अप्रैल 2025 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया करीब पन्द्रह सौ करोड़ रूपये की एक सौ छियालीस विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास। कहा– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुआ है नये भारत का निर्माण।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में किया सांसद खेल महाकुंभ का उद्घाटन। कहा– दो हजार छत्तीस के ओलम्पिक को गुजरात में कराने के लिये पूरा प्रयास कर रही है सरकार।
- संयुक्त प्रवेश परीक्षा जेईई मेन का परीक्षा परिणाम और एडवांस्ड में शामिल होने के लिये कट–ऑफ जारी। जेईई एडवांस्ड के लिये तेइस अप्रैल से शुरू होगा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन।
- राष्ट्रीय वृद्धवस्था पेंशन प्राप्त कर रहे इकसठ लाख लाभार्थियों का सत्यापन शुरू। पचीस मई तक सत्यापन पूर्ण करने के निर्देश।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर में करीब पन्द्रह सौ करोड़ रूपये की एक सौ छियालीस विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत का निर्माण हुआ है, जो कि दुनिया के लिए मॉडल बन गया है। नया भारत विकास और विरासत का समन्वय स्थापित करते हुए देशवासियों के जीवन में बदलाव ला रहा है।

***पिछले दस वर्षो में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में एक नया भारत हम देख रहे है। यह भारत जिसने विकास की नित नई प्रतिमान स्थापित किये है वो भारत जिसने आतंकवाद और नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त करने के संकल्प के साथ जो कार्य अपना प्रारम्भ किया था, आज वो सफलता की एक नई ऊंचाई तक पहुंच करके दुनिया के लिये मॉडल बना हुआ है। नया भारत विरासत और विकास का अद्भुत समन्वय स्थापित करते हुए 140 करोड़ लोगों के जीवन मे परिवर्तन करने के लिये प्रतिबद्ध दिखाई दे रहा है, तो प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्ग दर्शन और नेतृत्व में नये भारत का ये उत्तर प्रदेश आज नये उत्तर प्रदेश के रूप में दुनिया के सामने हैं।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर ने अभाव और अपमान को सहते हुए भी अपना रास्ता बनाया और सामाजिक बंधनों को तोड़ते हुए पूरे देश को सम्मान दिलाया। मुख्यमंत्री कल गोरखपुर में डॉक्टर अंबेडकर सम्मान अभियान के अंतर्गत आयोजित विचार गोष्ठी को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने बाबा साहब का एक भी स्मारक नहीं बनाया जबकि भाजपा सरकार ने उनके पंचतीर्थ बनाए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार जीरो पॉवर्टी के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में बढ़ रही है।

***डबल इंजन की सरकार जीरो पावर्टी के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ गई है। अनुसूचित जाति, जनजाति, अतिपिछड़ी जाति कोई गरीब, कोई वंचित, कोई भी होगा, जिसको अभी तक योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया किन्हीं कारणों से एक साथ उन्हें सिचुएट करने काम ककरेगी तो सरकार बहुत जल्दी उनको लागू करने वाले है।***

**********

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कल लखनऊ में सांसद खेल महाकुंभ का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार ने खेलों के अनुकूल नीतियां अपनाई हैं।

***नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में एक नई स्पोर्टिव कल्चर का विकास हुआ है। यह हम सभी भारतवासियों के लिये बहुत ही गौरव का विषय है। इस बदलाव के बीच देश भी बढ़ेगा। केन्द्र और हमारी उत्तर प्रदेश सरकार की स्पोर्ट्स फ्रेंडली पालिसी भी आप खेलो इंडिया के तहत तीन हजार से अधिक खिलाड़ियों को प्रतिमाह फिफ्टी थाउजन रुपये की सहायता दी जा रही है।***

रक्षामंत्री ने कहा कि सरकार दो हजार छत्तीस में होने वाले ओलंपिक खेलों का आयोजन गुजरात में करने के लिए पूरा प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अगले नेशनल गेम्स के आयोजन के लिए प्रयास करना चाहिए।

***जहां तक उत्तर प्रदेश का सवाल है मैं प्रदेश के लोगों को प्रिय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी से आग्रह करूंगा कि उत्तर प्रदेश में नेशनल गेम्स का आयोजन हुए लगभग 75 वर्ष से अधिक का समय हो गया है। अब समय आ गया है तैयारी की जानी चाहिये, ताकि लखनऊ में भी नेशनल गेम्स का आयोजन हो सके। यह समस्त लखनऊवासी चाहते हैं।***

**********

रामपुर जिले की ग्राम पंचायत सींगन खेड़ा को मॉडल सोलर विलेज के रूप में विकसित किया जायेगा। पीएम सूर्य घर योजना के तहत इस पर करीब एक करोड़ रूपये की लागत आयेगी। इसमें गांव के सभी घरों को सौर ऊर्जा से जगमग किया जायेगा। सोलर विलेज बनाने की तैयारियों को लेकर कल यूपी नेडा और प्रशासन के अधिकारियों ने सींगन खेड़ा गांव का दौरा किया।

**********

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने कल संयुक्त प्रवेश परीक्षा–जेईई मेन दो हजार पचीस के दूसरे सत्र के परिणाम जारी कर दिए हैं। इसके साथ ही जेईई एडवांस्ड में शामिल होने वाले छात्रों का कट–ऑफ भी जारी कर दिया गया है। कट–ऑफ के साथ परिणाम जेईई मेन की आधिकारिक वेबसाइट– जेईईमेन डॉट एनटीए डॉट एन आई सी डॉट आई एन पर उपलब्ध है। जेईई एडवांस्ड के लिये ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन तेइस अप्रैल से शुरू हो जायेगा। आवेदन दो मई तक किया जा सकेगा।

**********

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत तीन दिवसीय क्षमता वर्धन कार्यशाला का आयोजन कल से तेईस अप्रैल तक लखनऊ में किया जा रहा है। कार्यशाला का शुभारंभ व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यम शीलता राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल करेंगे।

**********

राज्य सरकार ने राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत पेंशन प्राप्त कर रहे इकसठ लाख लाभार्थियों का सत्यापन प्रारंभ कर दिया है। नए वित्तीय वर्ष दो हजार पचीस–छब्बीस में योजना का लाभ केवल वास्तविक और पात्र व्यक्तियों को मिले, इसके लिए मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को सत्यापन का कार्य पचीस मई तक पूरा कराने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। सत्यापन के दौरान जो पेंशनर्स मृतक या अपात्र पाए जाएंगे, उन्हें सूची से हटाकर नए पात्र वृद्धजनों को पेंशन दी जाएगी।

**********

केन्द्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र ने ऑनलाइन बुकिंग धोखाधड़ी को लेकर सार्वजनिक चेतावनी जारी की है। मंत्रालय ने लोगों से आग्रह किया है कि वे केवल आधिकारिक सरकारी पोर्टल या विश्वसनीय ट्रैवल एजेंसी के माध्यम से ही बुकिंग करें।

**********

ईसाई धर्म के संस्थापक प्रभु ईशा मसीह के पुनर्जीवन का पर्व ईस्टर आज पूरे प्रदेश में परम्परागत, श्रद्धा और उल्लास से मनाया जा रहा है। ईस्टर पर तड़के से ही गिरिजाघरों में ईसाई श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी हुयी है। इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभाओं के आयोजन किये जा रहे हैं।

**********

श्रीराम वन गमन मार्ग पर दो सौ बानबे महत्वपूर्ण स्थानों पर श्रीराम स्तम्भ स्थापित किये जायेंगे। इस सम्बन्ध में विस्तृत विवरण से युक्त कॉफी टेबल बुक तैयार करने को लेकर श्रीराम सांस्कृतिक शोध संस्थान न्यास का दो दिवसीय अखिल भारतीय सम्मेलन कल अयोध्या के कारसेवक पुरम में शुरू हुआ। सम्मेलन का उद्घाटन श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने किया।

**********

प्रदेश के स्टॉम्प और न्यायालय पंजीयन शुल्क मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने कल वाराणसी में बन रहे संगीत पाथ–वे के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। लगभग डेढ़ किलोमीटर की लम्बाई में बन रहे इस पाथ–वे का लगभग नब्बे प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। संगीत पाथ–वे पर देश–विदेश में प्रसिद्ध बनारस घराने के संगीतज्ञों के चित्र बने हैं और विस्तार से उनका परिचय लिखा गया है।

**********

अंबेडकरनगर जनपद में आज से पांच दिवसीय सैंतालीसवीं राष्ट्रीय पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए खेल गांव बनाया गया है और आयोजन से संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

***पूरे देश से लगभग इक्कीस के उनके करीब राज्य और केन्द्र शासित प्रदेशों की जो टीमें है वो इसमें भाग ले रही है। इस पूरे आयोजन को लेकर पूरे जनपद में ही नहीं, पूरे प्रदेश में बहुत ही उत्साह का माहौल है। चूंकि पहली बार हमारे जनपद में किसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है इसलिये भी इस बार कुछ खास बात है।***

**********

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण प्रदेश के कई जिलों में कल तेज हवाओं के साथ बारिश हुयी। मौसम विभाग ने आज भी प्रदेश के कई इलाकों में गरज चमक के साथ बारिश का अनुमान जताया है। इस दौरान कहीं कहीं वज्रपात के साथ आंधी आने की भी आशंका है।

**********